St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text: (1st Term) **(Answer Worksheet –2)** **Date: 03.07.2020**
Topic: Desh Hamara **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर लिखो :-

1 भारत की फुलवारी कौन सी और कैसी है ?

उ-भारत की फुलवारी देश की प्रकृति है | हमारे देश को पेड़ - पौधे , फल - फूल सुन्दर बनाते है | खेतों में उगी फसल भी फुलवारी है | चारों ओर हरे - भरे मैदान व जंगल है | हमें अधिक पेड़ - पौधे लगाकर अपने देश की फुलवारी सुन्दर बनाकर रखना है |

2 पशु - पक्षी कैसे हमको प्यारे है ?

उ -भारत हमेशा शांतिप्रिय देश है | यहाँ पशु - पंक्षियोँ को पला जाता है | उनकी देखभाल की जाती है | गाय सबको दूध देती है , इसलिए सब उसे 'माता' मानते है | यहाँ आज़ाद पंक्षी आकाश में उड़कर कलरव करते है | हमें उन्हें बंधन में नहीं रखना चाहिए |

3 मेघ रास की धारा बरसते है , उसका सब पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

उ-मेघ बदल को कहते है | हमारे देश में बरसात के समय में बादल गरजते है |धरती पुलकित हो जाती है | पानी बरसाने से पेड़ - पौधे हरे हो जाते है और फूल खिल उठते है | गर्मी से परेशां मनुष्य , जीव-जंतु सब खुश हो जाते है |

4 मलय पवन क्या करता है ? राग , पराग, सुरभि का अर्थ स्पष्ट करो |

उ- मलय पर से आने वाली शीतल हवाएं हमारे देश का वंदन करती है | चन्दन की खुशबु चारो ओर फैलती है | ऐसा लगता है कि भारत चन्दन का उबटन लगा रहा है | राग का अर्थ है प्रेम | यहाँ सब में प्रेम कि भावना है |पराग का अर्थ है - रस और सुरभि का अर्थ है - सुगंध |यहाँ हमेशा प्रेम , रस और सुगंध कि धारा बहती है |

Poonam Mehra